उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाझरा, देहरादून-248 007, उत्तराखण्ड
Ph. 0135-2102769; 2102770 (O); Website: www.ucost.in

पत्रांकः वि0प्रौ0प0/विज्ञान कांग्रेस/2015-16/9634 दिनांक 10 जून, 2015

# दशम् उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस 2015-16

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा तीन दिवसीय दशम् उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कांग्रेस 2015-16 का आयोजन आगामी माह फरवरी, 2016 के द्वितीय सप्ताह में विज्ञान धाम, झाझरा, देहरादून में किया जाना प्रस्तावित है जिसकी निश्चित तिथि बाद में घोषित की जायेगी। राज्य स्थित विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं, शोध संस्थानों एवं वैज्ञानिकों से शोध पत्र प्रस्तुतिकरण हेतु निम्नलिखित विषयों में शोध सारांश आमंत्रित किये जाते हैं। शोध सारांश मौखिक एवं पोस्टर वर्ग के होंगे ।

| | |
|---|---|
| 1- कृषि विज्ञान | 9- मैटिरियल साइंस एवं नैनो टैक्नोलॉजी |
| 2- जैव प्रौद्योगिकी, जैव रसायन एवं सूक्ष्म जैविकी | 10- गणित, सांख्यिकी तथा कम्प्यूटर विज्ञान |
| 3- वनस्पति विज्ञान | 11- चिकित्सा विज्ञान एवं फार्मास्यूटिकल साइंस |
| 4- रसायन विज्ञान | 12- भौतिक विज्ञान |
| 5- पृथ्वी विज्ञान सह भू-विज्ञान, भू-भौतिकी तथा भूगोल | 13- रूरल टैक्नोलॉजी (ग्रामीण प्रौद्योगिकी) |
| 6- अभियान्त्रिकी विज्ञान एवं तकनीकी | 14- विज्ञान एवं समाज/विज्ञान संचार |
| 7- पर्यावरण विज्ञान एवं वानिकी | 15- पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान |
| 8- गृह विज्ञान सह वस्त्र, भोजन, पोषण एवं बाल विकास | 16- जन्तु विज्ञान |

विज्ञान कांग्रेस उपरोक्त सभी विषय एवं आयु वर्ग हेतु खुली है। कांग्रेस में युवा वैज्ञानिकों को मौखिक एवं पोस्टर वर्ग में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार दिया जायेगा तथा 01 अन्वेषक पुरस्कार 2015-16 भी प्रदान किया जायेगा।

उक्त कांग्रेस में प्रतिभाग हेतु पंजीकृत शुल्क निम्नवत् निर्धारित किये गये हैं :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | शोधार्थी (बिना छात्रवृत्ति प्राप्त)/ छात्र | - | निःशुल्क |
| 2- | शोधार्थी (छात्रवृत्ति प्राप्त) | - | ₹ 1000.00 |
| 3- | अन्य सेवारत शोधार्थी | - | ₹ 2000.00 |

उक्त Demand Draft, Executive Chairman, 10th Uttarakhand State Science and Technology Congress 2015-16 के नाम से देय होगा, जो वेबसाईट www.ucost.in/science/USSTC.html में दिये गये प्रारूप (Annexure-A) के साथ Coordinator, 10th Uttarakhand State Science and Technology Congress को उपरोक्त पते पर डाक एवं ईमेल (usstc10@ucost.in) द्वारा दिनांक 15 सितम्बर, 2015 तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

15 सितम्बर, 2015 के उपरान्त शोध सारांश स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**डॉ० राजेन्द्र डोभाल**
महानिदेशक
उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखण्ड